भारत सरकार

रेल मंत्रालय

रेलवे भर्ती बोर्ड

महत्वपूर्ण सूचना

सीईएन सं:01/2024 (एएलपी) के उम्मीदवार कृपया ध्यान दें। आवेदन (अनंतिम या सशर्त पात्र/अस्वीकृत) की स्थिति और अनंतिम रूप से पात्र/स्वीकृत उम्मीदवारों के लिए रिक्तियों की वृद्धि को ध्यान में रखते हुए चुने गए आरआरबी के विकल्प और चुने गए आरआरबी के भीतर क्षेत्रीय रेलवे के अधिमान में संशोधन करने की सुविधा।

1 दिनांक 20-01-2024 को जारी सीईएन सं. 01/2024 (एएलपी) के अनुसार एएलपी के पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। आवेदनों की जांच पूरी हो चुकी है और उम्मीदवार www.rrbapply.gov.in पर अपने यूजर क्रेडेंशियल के साथ लॉग इन कर (i) अनंतिम रूप से स्वीकृत (ii) शर्तों के साथ अनंतिम रूप से स्वीकृत और (iii) अस्वीकृत (अस्वीकृति के कारण सहित) अपने आवेदनों की स्थिति देख सकते हैं।

2 आवेदन की स्थिति के बारे में, प्रस्तुत किए गए आवेदन में उम्मीदवार द्वारा उल्लिखित पंजीकृत मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी पर एसएमएस और ईमेल भेजा जाएगा।

3 यद्यपि अनंतिम रूप से पात्र उम्मीदवारों की सूची तैयार करने में हर प्रकार की सावधानी बरती गई है। आरआरबी किसी भी अनजाने त्रुटि या मुद्रण/टंकण संबंधी गलतियों को सुधारने का अधिकार सुरक्षित रखता है। **अपात्र/अस्वीकृत उम्मीदवारों से किसी भी प्रकार का पत्राचार स्वीकार करने में असमर्थता के लिए आरआरबी को खेद है।**

4 जिन उम्मीदवारों के आवेदन शर्तों के साथ या बिना शर्तों के अनंतिम रूप से स्वीकार किए गए हैं, वे दि.29-07-2024 (00:00 बजे) से दि.07-08-2024 (23:59 बजे) तक www.rrbapply.gov.in पर संशोधन विंडो पर अपने यूजर क्रेडेंशियल के साथ लॉग इन कर चुने गए आरआरबी और क्षेत्रीय रेलवे के अधिमान के संशोधन विकल्प का उपयोग कर सकते हैं। **यदि उम्मीदवार उपर्युक्त अवधि के दौरान संशोधन विकल्प का उपयोग करने में विफल रहते हैं, तो उन्हें पुनः कोई अवसर नहीं दिया जाएगा।**

5 सभी पात्र/स्वीकृत उम्मीदवारों की उम्मीदवारी पूर्णतया अनंतिम है और यदि उनके द्वारा आवेदन में कोई असंगति/कमी/गलत रिकार्ड या डाटा प्रस्तुत किया जाता है या भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में आरआरबी के ध्यान में उम्मीदवारों की ओर से कोई कदाचार आता है तो उनकी उम्मीदवारी भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण पर या उसके बाद भी रद्द की जा सकती है।

6 उम्मीदवारों को भर्ती प्रक्रिया पर नवीनतम अपडेट के लिए केवल रेलवे भर्ती बोर्ड की वेबसाइटों को देखने के लिए सूचित किया जाता है. कृपया अप्रमाणित स्रोतों से गुमराह होने से बचे।

7 उम्मीदवारों के लिए हेल्प डेस्क : -

9592-001-188 & 0172-565-3333

rrb.help@csc.gov.in

समय : सुबह 10.00 से शाम 05.00 तक

दिनांक : **22-07-2024**

अध्यक्ष

रेलवे भर्ती बोर्ड

महत्वपूर्ण सूचना:- उन दलालों से सावधान रहें जो अवैध रूप से नौकरी के लिए चुने जाने के झूठे वादों के साथ गुमराह कर सकते हैं। आरआरबी परीक्षा में भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह से कम्प्यूटरीकृत है और चयन पूर्णतः उम्मीदवारों की योग्यता पर आधारित है।